The

ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

CURRENT AFFAIRS BOOSTER

16 – 09 – 22

FRIDAY



1. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सूरत में बायो-इथेनॉल परियोजना का किया शिलान्यास

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के सूरत में कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड की बायो-इथेनॉल परियोजना कृभको हजीरा का शिलान्यास किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, रेल राज्यमंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि कृभको की जैव-इथेनॉल परियोजना, कोऑपरेटिव क्षेत्र, पर्यावरण सुधार, किसानों की आय को दोगुना करने, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने व ग्लोबल वॉर्मिंग की चुनौती का सामना करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे लाए जा रहे बहुआयामी अभियान की दिशा में एक सार्थक कदम है।इस परियोजना से हज़ीरा में 2 लाख 50 हज़ार लीटर की दैनिक क्षमता वाला बायो-इथेनॉल संयंत्र स्थापित होगा जो 8.25 करोड़ लीटर जैव-ईंधन का उत्पादन करेगा, इससे ढाई लाख मीट्रिक टन मक्का या पर्याय उपजों को अच्छा बाज़ार भी मिलेगा।गुजरात के लगभग नौ ज़िलों में मक्का मुख्य उपज है और इसके अलावा राज्य के दस ज़िलों में मक्का की पैदावार हो सकती है और इस संयंत्र के माध्यम से किसानों को बहुत फ़ायदा हो सकता है। साथ ही इससे ख़राब मक्के का भी ईंधन बनकर देश के अर्थतंत्र और विदेशी मुद्रा भंडार को फ़ायदा होगा और ये संयंत्र निराश किसानों के जीवन में एक नई आशा का संचार करेगा।

2. विनेश फोगाट विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं

विनेश फोगाट रेपचेज में स्वीडन की एमा जोना को हराकर बुधवार को विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनीं। 28 वर्षीय विनेश ने इससे पहले कजाखस्तान में 2019 में भी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। विनेश स्वर्ण पदक की दावेदार थी लेकिन मंगलवार को 53 किग्रा भार वर्ग में मंगोलिया की पहलवान से एकतरफा मैच में 0-7 से हार गईं थीं। मंगोलियन पहलवान खुलन बटखुयाग ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की जिस कारण विनेश को रेपचेज राउंड में खेलने का मौका मिला। रेपचेज में विनेश ने पहले कजाखस्तान की पहलवान को 4-0 से हराया। अगले दौर में चोट के कारण अजरबेजान की लीला गुरबनोवा उतरी नहीं जिस कारण विनेश ने कांस्य पदक दौर में प्रवेश किया। तीन बार की कामनवेल्थ गेम्स पदक विजेता विनेश ने इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में स्वीडन की एमा को 8-0 से हराकर पदक अपने नाम किया।

3. केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर तिरुपति में आज भारत के पहले लिथियम सेल उत्पादन संयंत्र का करेंगे शुभारंभ

राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर कल आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भारत के पहले लिथियम सेल निर्माण संयंत्र के उत्पादन–पूर्व चरण का शुभारंभ करेंगे। यह अत्याधुनिक संयंत्र चेन्नई स्थित मुनोथ इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा 165 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ स्थापित किया गया है। यह संयंत्र 2015 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंदिर वाले इस शहर में

स्थापित दो इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण समूहों में से एक में स्थित है।वर्तमान में इस संयंत्र की स्थापित क्षमता प्रतिदिन 270 मेगावाट प्रतिघंटा की है और यह 10 एम्पीयर प्रतिघंटा (एएच) की क्षमता वाली 20,000 सेल का उत्पादन कर सकती है। इन सेलों का उपयोग पावर बैंक में किया जाता है और यह क्षमता भारत की वर्तमान जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत है।यहां मोबाइल फोन, सुनने योग्य और पहनने योग्य उपकरणों जैसे अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स सामानों के सेलों का उत्पादन भी किया जाएगा।वर्तमान में भारत लिथियम-आयन सेल की अपनी कुल जरूरतों की पूर्ति मुख्य रूप से चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनामऔर हांगकांग से आयात के जरिए करता है।श्री चंद्रशेखर ने तिरुपति के लिए रवाना होने से पहले कहा कि इस संयंत्र का उद्घाटन भारत को इलेक्ट्रानिक्स सामानों के उत्पादन का एक वैश्विक केन्द्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम होगा।श्री चंद्रशेखर दो ईएमसी में स्थित डिक्सन टेक्नोलॉजीज और यूनाइटेड टेलीलिंक्स के संयंत्रों का भी दौरा करेंगे। वह मुनोथ इंडस्ट्रीज द्वारा लिथियम सेल उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद मीडिया को भी संबोधित करेंगे।

4. अमृत सरोवर निर्माण में शीर्ष स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Prime Minister Narendra Modi) की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर (Amrit Sarovar) के निर्माण में देश के सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश पहले पायदान पर है. उत्तर प्रदेश आठ हजार से अधिक अमृत सरोवर का निर्माण करके पहले स्थान पर है, जबकि मध्य प्रदेश दूसरे, जम्मू-कश्मीर तीसरे, राजस्थान चौथे और तमिलनाडु पांचवें स्थान पर है. वहीं प्रदेश में लखीमपुर खीरी ने 256 अमृत सरोवर का निर्माण कर पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि गोरखपुर दूसरे और प्रतापगढ़ तीसरे स्थान पर हैं.ग्राम्य विकास विभाग के निदेशक जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि योगी सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश ने विभिन्न ग्राम पंचायत में 15497 अमृत सरोवर को चिंह्नित कर 8462 से अधिक अमृत सरोवर विकसित कर पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि देश के अन्य राज्यों में अमृत सरोवर के विकास का रेशियो आधा भी नहीं है. मध्य प्रदेश 5994 अमृत सरोवर को चिह्नित कर 1668 का काम पूरा कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि मध्य प्रदेश में 3705 अमृत सरोवर के विकास का काम चल रहा है. आकड़ों पर गौर करें तो मध्य प्रदेश ने जितने अमृत सरोवर को विकसित करने के लिए चिंह्नित किया उससे कई गुना अधिक अमृत सरोवर का विकास उत्तर प्रदेश कर चुका है. वहीं जम्मू कश्मीर 3699 अमृत सरोवर को चिंह्नित कर 1458 का काम पूरा कर देश में तीसरे स्थान पर है, जबकि 406 अमृत सरोवर को विकसित करने पर काम चल रहा है. इसके अलावा राजस्थान 5097 अमृत सरोवर को चिंह्नित कर 898 का काम पूरा कर देश में चौथे पायदान पर है, जबकि 2385 पर काम चल रहा है. वहीं तमिलनाडु ने 3765 अमृत सरोवर चिंह्नित कर 818 का काम पूरा कर देश में पांचवां स्थान हासिल किया है, जबकि 763 पर काम चल रहा है.

5. भारत ने अंडर-17 सैफ फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता

भारतीय अंडर-17 बालक फुटबॉल टीम ने SAFF की अंडर-17 वर्ग की चैंपियनशिप जीत ली है। श्रीलंका में खेली जा रही अंडर-17 SAFF चैंपियंशिप के फाइनल में टीम इंडिया ने नेपाल को 4-0 से हराकर चौथी बार खिताब अपने नाम किया। खास बात ये है कि भारत को नेपाल ने ग्रुप स्टेज में 3-1 से हराया था, लेकिन फाइनल में भारत के खिलाड़ियों ने पुरानी हार का असर नहीं होने दिया और

चैंपियन बन गए।भारत की जीत में बॉबी सिंह (18वां मिनट), कोरु सिंह थिंगुजम (30वां मिनट), कप्तान वन्लालपेका गुएट (63वां मिनट) और अमन (90+4 मिनट) ने गोल किए। मैच के 39वें मिनट में नेपाल के कप्तान प्रशांत लक्सम को भारतीय खिलाड़ी डैनी लाइशराम पर फाउल करने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया।टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने इस बार हिस्सा लिया था जिसमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, मालदीव और बांग्लादेश की टीमें शामिल थीं। ग्रुप ए में बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव साथ थीं, जबकि ग्रुप बी में भारत के साथ नेपाल और भूटान जैसे देश थे। भारत ने भूटान को ग्रुप स्टेज में 3-0 से हराया था जबकि नेपाल के हाथों 1-3 से हार का सामना किया था।

6. तेलंगाना में स्थापित होगा भारत का पहला वानिकी विश्वविद्यालय

भारत को जल्द ही अपना पहला वन विश्वविद्यालय मिलने जा रहा है। तेलंगाना विधानसभा ने मंगलवार को वानिकी विश्वविद्यालय (यूओएफ) अधिनियम 2022 को मंजूरी दे दी। वानिकी विश्वविद्यालय (यूओएफ) देश में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। विश्व स्तर पर केवल रूस और चीन में वन विश्वविद्यालय होने के साथ, यह वानिकी का तीसरा विश्वविद्यालय होगा।तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद में वन कॉलेज और अनुसंधान संस्थान (FCRI) को एक पूर्ण विश्वविद्यालय में विस्तारित करने का निर्णय लिया है। एक बार एफसीआरआई को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने के बाद, शहरी वानिकी, नर्सरी प्रबंधन, कृषि-वानिकी, जनजातीय आजीविका वृद्धि, वन उद्यमिता, जलवायु-स्मार्ट वानिकी और वन पार्क प्रबंधन में पीएचडी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स सहित अतिरिक्त 18 कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है। .विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय समान संस्थानों के साथ नेटवर्क और साझेदारी भी करेगा ताकि सीखने में तालमेल बिठाया जा सके। विश्वविद्यालय किसानों को व्यापक प्रशिक्षण देकर एक्शन रिसर्च को बढ़ावा देगा।सरकार के अनुसार विश्वविद्यालय का उद्देश्य वन संसाधनों के संरक्षण और सतत प्रबंधन के लिए योग्य वानिकी पेशेवरों का उत्पादन करना और उद्योग और घरेलू जरूरतों की मांग को पूरा करने के लिए वृक्षारोपण फसलों के प्रचार के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देना और उचित तरीके विकसित करना होगा।

7. तमिलनाडु के स्कूलों में शुरू हुआ सिरपी कार्यक्रम

तमिलनाडु सरकार राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) की तर्ज पर 'SIRPI' (स्टूडेंट्स इन रिस्पान्सिबल पुलिस इनिशिएटिव) नामक एक नया कार्यक्रम लेकर आ रही है। इस पहल का उद्घाटन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन करेंगे।ग्रेटर चेन्नई पुलिस SIRPI इकाइयां बना रही है। पहले चरण में 100 स्कूलों से 50 छात्रों का चयन किया जाएगा। तमिलनाडु सरकार के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य किशोर अपराध के मुद्दे को संबोधित करना है, जो सामाजिक-आर्थिक स्थिति, साथियों के दबाव, परिवार के समर्थन की कमी और बेरोजगारी जैसे कारकों से प्रेरित है। इस बीच, श्रीलंकाई तमिलों के पुनर्वास शिविर का अंतिम चरण, जिसे डिंडीगुल जिले के थोटानुथु गांव में 17.17 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्थापित किया जा रहा है, पूरा हो गया है। वहां 321 घर बन रहे हैं। इसके अलावा, पुनर्वास शिविर क्षेत्र में 14 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 60,000 लीटर की क्षमता वाला एक ओवरहेड पानी का टैंक स्थापित किया गया है। 11 लाख रुपये की

अनुमानित लागत से एक आंगनबाडी केंद्र पार्क और पुस्तकालय भी स्थापित किया जा रहा है।

8. SBI 5 लाख करोड़ मार्केट कैप पार करने वाला बना देश का तीसरा बैंक

राज्य के स्वामित्व वाले ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को 5 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण को हासिल किया। इसके शेयरों ने 564.45 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छुआ। इस बाजार पूंजीकरण के साथ, एसबीआई बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहा।एसबीआई 5 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप को पार करने वाला देश का तीसरा बैंक बन गया है। इस सूची में एचडीएफसी बैंक पहले स्थान पर रहा, जिसके बाद आईसीआईसीआई बैंक का दूसरा स्थान है। एसबीआई के शेयर 14.75 रुपये या 2.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 573.00 रुपये पर थे। इस बीच सेंसेक्स 126.21 अंक या 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ 60,444.87 पर और निफ्टी 32.90 अंक या 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 18,037.15 पर कारोबार कर रहा था

ONE LINER

हाल ही में महानगर गैस लिमिटेड ने किसे अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है - महेश वी अय्यर

राष्ट्रपति मुर्मू ने जस्टिस एम दुरईस्वामी को किस हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है - मद्रास हाईकोर्ट

किस राज्य सरकार ने रोजगार गारंटी योजना शुरू करने की घोषणा की है - राजस्थान

किस देश ने चार विवादित प्रशांत द्वीपों की वीजा मुक्त यात्रा समझौते को समाप्त कर दिया है - रूस

अपशिष्ट प्रबंधन विफलता के लिए NGT ने किस राज्य सरकार पर 3500 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है - पश्चिम बंगाल

किस देश की प्रधानमंत्री ने मुजीब छात्रवृत्ति का एलान किया है - बांग्लादेश

UP के किस जिले में जेल के खाने को FSSAI की 5 स्टार रेटिंग मिली है - फर्रुखाबाद

किस राज्य सरकार ने छात्राओं के लिए 'पुधुमाई पेन योजना शुरू की है – तमिलनाडु

QUIZ

1.हाल ही में जापान के अगले भारतीय राजदूत के रूप में निम्न में से किसे नियुक्त किया गया?

(A) सिबी जॉर्ज
(B) संजय कुमार वर्मा
(C) अंबिका
(D) अभय कांत यादव

2. निम्न में से किसने 74वें एमी अवार्ड्स 2022 में "कॉमेडी सीरीज़ में उत्कृष्ट मुख्य अभिनेत्री" का पुरस्कार जीता है?

(A) राहेल ब्रोसनाहन
(B) जीन स्मार्ट
(C) क्विटा ब्रूनसन
(D) केली कुओको

3. हाल ही में किस राज्य द्वारा भारत का सबसे बड़ा "Piggery Mission" लांच किया गया ?

(A) हरियाणा
(B) आसाम
(C) मेघालय
(D) केरला

4. हाल ही में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर कितने प्रतिशत हुई?

(A) 4%
(B) 5%
(C) 7%
(D) 8%

5. हाल ही में प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र प्रयास कहाँ स्थापित किया गया?

(A) नई दिल्ली
(B) लखनऊ

(C) शिमला
(D) जयपुर

6. पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह जिनका हाल ही में निधन हो गया , वे निम्न में से कौन से राज्य से सम्बन्ध रखते थे ?

(A) बिहार
(B) राजस्थान
(C) उत्तर प्रदेश
(D) हरियाणा

7. 14 सितम्बर 2020 को राज्य सभा का डिप्टी चेयरमैन निम्न में से किसे नियुक्त किया गया ?

(A) हरिवंश नारायण सिंह
(B) कृष्णा अय्यर
(C) राजकुमार सिंह
(D) महिपत मेहता

8. हाल ही में निम्न में से किस भारतीय शक्शियत की आवाज को अमेजन की एलेक्सा की पहली भारतीय सेलिब्रिटी आवाज के रूप में नामित किया गया है?

(A) कंगना रावत
(B) सलमान खान
(C) अमिताभ बच्चन
(D) लता मंगेशकर